**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

निदेशक/प्रधानाचार्य,
(संलग्न सूची के अनुसार)
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप/परिषद/2024/**7018 **लखनऊः दिनांकः** 06/01/2024

**विषयः <u>शैक्षिक सत्र 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन करने वाली निजी क्षेत्र की संस्थाओं के परिषद कार्यालय द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर मास्टर डाटा को लॉक/अग्रसारित कराये जाने के संबंध में।</u>**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में परिषद से सम्बद्ध निजी क्षेत्र की संस्थाओं हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर मास्टर डाटा लॉक/अग्रसारित किये जाने संबंधी कार्यवाही प्रचलित है।

छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर प्रदर्शित निजी क्षेत्र की कतिपय संस्थाओं (सूची संलग्न) द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर भरे गए विवरण एवं उसमें संलग्न किये गये अभिलेखों/परिषदीय अभिलेखों में भिन्नता प्रदर्शित हो रही है, जिस कारणवश परिषद कार्यालय द्वारा उक्त संस्थाओं का मास्टर डाटा लॉक/अग्रसारित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः उपरोक्त संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को निर्देशित किया जाता है वह अपनी संस्था के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी समस्त अभिलेखों यथा (समस्त वर्षों के सम्बद्धता विस्तार/सम्बद्धता पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी पोर्टल पर संस्था द्वारा लॉक किये गये मास्टर डाटा की छायाप्रति जिसमें संस्था का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो, आदि के साथ दिनांकः 09.01.2024 की अपराह्न 02:00 बजे तक परिषद कार्यालय में प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर अपनी संस्था के मास्टर डाटा लॉक/अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत दिनांक एवं समय तक आप द्वारा परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो, आपके संस्था का मास्टर डाटा परिषद कार्यालय द्वारा अग्रसारित नहीं किया जा सकेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय,

06/01/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/कृते सचिव

**पृ०सं०: प्राशिप/परिषद/2024/**7019-21 **तद्दिनांकः** 06/01/2024

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग- 3, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र परिषद कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

06/01/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव/कृते सचिव

# छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर प्रदर्शित संस्थानों की सूची

| Sr. No | Name of institute (As Displayed on Scholorship Portal) |
|---|---|
| 1 | Ameer Hasan College of Pharmacy |
| 2 | Aurous Institute of Management Mohammadpur Chowki Barabanki |
| 3 | BRIJBHUSHAN SINGH PHARMACY COLLEGE BADANPUR CHITAYAN |
| 4 | COLLEGE OF PHARMACY BAROLI |
| 5 | D.S.R. COLLEGE OF POLYTECHNIC, PIPRA NANKAR, BAHERI |
| 6 | DEV INDRAWATI INSTITUTE OF POLYTECHHINC |
| 7 | DEV INSTITUTE OF TECHNICAL EDUCATION, BARHAN |
| 8 | DNM INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY VILL. SARAI SHEHZADI BANTHRA LKO |
| 9 | DOON COLLEGE OF EDUCATION (PHARMACY) ,SUNDERPUR ,SAHARANPUR |
| 10 | DR. RAM MANOHAR LOHIYA DEGREE COLLEGE JHOTARI, DHAMUPUR |
| 11 | ERAM DEGREE COLLAGE MELARAYGANJ |
| 12 | GANGA DEGREE COLLEGE OF PHARMACY |
| 13 | GYAN SHREE COLLEGE OF PROFESSIONAL EDUCATION BEHSUMA MEERUT |
| 14 | IMRAILD-9 INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY DEWA ROAD KHAJOOR, BARABANKI |
| 15 | INDU COLLGE OF MEDICAL SCIENCES MUSTAFABAD ROAD SHIKOHABAD |
| 16 | J M V INSTITUTE OF LIFS SC AND HR EDUCATION |
| 17 | Jahangirabad Educational Institute of Technology for Polytechnic |
| 18 | K. P. ENGINEERING COLLEGE , CHALESAR  |
| 19 | KASHI CHANDRA DEV YADAV POLYTECHNIC HAZIPUR BAMAHUR |
| 20 | KCMT CAMPUS TWO PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING |
| 21 | KDH COLLEGE OF PHARMACY |
| 22 | KESHAW POLYTECHNIC, N.H. 58 TEJALHEDHA, MUZAFFARNAGAR |
| 23 | KLS INSTITUTE OF TECHNOLOGY CHANDAK |
| 24 | KNI PSS ENGG AND TECHNOLOGY INSTT FARIDIPUR |
| 25 | LAKSHYA TECHNICAL CAMPUS ADAMPUR SHAHJAHANPUR |
| 26 | LLOYD SCHOOL OF PHARMACY |
| 27 | MANYAWAR KASHIRAM MAHAVIDHYALAYA KAUSHAMBI |
| 28 | MEERUT INTERNATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY,GHAT ROAD, MEERUT  |
| 29 | MESCO INSTITUTE OF PHARMACY AMROHA |
| 30 | NAV YUG MAHA VIDYALAY RATANPUR BARI SAHIJAN AKHAND NAGAR |
| 31 | NISHAT HOSPITALS AND INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES |
| 32 | NK COLLEGE OF PHARAMACY NAGLA BALU MAINPURI |
| 33 | OM SAI VINDHYA COLLEGE OF PHARMECY VILL TISUHI POST MARIHAN TEH MARIHAN MIRZAPUR |
| 34 | PHARMACY COLLEGE BADULI |
| 35 | PRAKASH DEGREE COLLEGE ETAH |
| 36 | PRASAD POLYTECHNIC,BANTHRA ROAD,LUCKNOW |
| 37 | R.B.S.DEGRRE COLLEGE MADAURA MAHAVAN MATHURA |
| 38 | R.S.COLLEGE OF EDUCATION, BAMNAULI |
| 39 | RADHA GOVIND INSTITUTE. AKRAULI. CHANDAUSHI |
| 40 | RAJVEER SINGH SIKARWAR COLLEGE SAIDPUR BALDEO MATHURA |
| 41 | RAMESWAR PRASAD SATYA NARAYAN MAHAVIDYALYA SHAHGANJ |
| 42 | RN POLYTECHNIC |
| 43 | ROBIN COLLEGE OF EDUCATION AND TECHNOLOGY VILLAGE SYAL KILA ROAD MEERUT |
| 44 | ROTARY INSTITUTE OF MANAGEMENT |
| 45 | SADBHAVNA COLLEGE OF PHARMACY AZAMGARH |
| 46 | SAHARANPUR PHARMACY COLLEGE |

| | |
|---|---|
| 47 | SANJIVNIE COLLEGE OF PHARMACY, KIRTANPUR, BAHRAICH |
| 48 | SARASWATI INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, HAPUR |
| 49 | SATYAM SHIVAM PHARMACY COLLEGE TIKARI KAURIHAR PRAYAGRAJ |
| 50 | SHAKUNTALA MEMORIAL EDUCATIONAL INSTITUTE OF PHARMACY |
| 51 | SHRI BAIJNATH GIRLS INSTITUTE OF EDUCATION AND MANAGEMENT ALADADPUR BARABANKI |
| 52 | Shri Rawatpura Sarkar Institute Of Pharmecy |
| 53 | SRI LAKSHIRAM DEGREE COLLEGE SALIKPUR GHAZIPUR |
| 54 | SRI SAI INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION AND RESEARCH |
| 55 | SUBHARTI POLYTECHNIC COLLEGE GHAT SUBHARTIPURAM, MALYAN, MEERUT |
| 56 | TRANSLAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT, MEERUT  |
| 57 | VINDHYA POLYTECHNIC COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY DEVARI KALA MARIHAN MZP |